हरिभूमि
हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार 20 जनवरी 2026

तापमान

अधिकतम 25 .4 डिग्री
न्यूनतम 3 .0 डिग्री

11 भाखड़ा जलापूर्ति विकास परियोजना का मई तक पूरा हो जाएगा काम

11 भारत को परम वैभव पर पहुंचाना संघ का उद्देश्य

खबर संक्षेप

लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर गायन प्रतियोगिता 1 से

हिसार। स्वर कोकिला भारत रत्न स्व. लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर 1 से 15 फरवरी तक सुलखनी गांव स्थित वृद्ध आश्रम में गायन प्रतियोगिता होगी। यह कार्यक्रम संत देशराज अठवाल के सानिध्य में होगा। गायन प्रतियोगिता समिति के सदस्य ने बताया कि इस स्पर्धा के लिए 1 से 6 फरवरी तक ऑडिशन लिए जाएंगे और 8 से 14 फरवरी तक गायन के राउंड होंगे। फाइनल 15 फरवरी को होगा। सभी कार्यक्रमों का समय सुबह 10 से सायं 5 बजे तक रहेगा। प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपये एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार रुपये एवं ट्रॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 11 हजार रुपये एवं ट्रॉफी रखा गया है। प्रतियोगिता में केवल फिल्मी गाने ही मान्य होंगे। प्रतियोगिता के लिए कोई आयु सीमा नहीं रखी गई। निर्णायकों का फैसला अंतिम होगा।

पुलिस ने एक उद्घोषित आरोपित को दबोचा

नारनौंद। पुलिस ने एक उद्घोषित आरोपित को गिरफ्तार किया है। सहायक उप निरीक्षक नरेश कुमार ने बताया कि थाना नारनौंद क्षेत्र में बाइक चोरी के संबंध में वर्ष 2021 में एक मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोपित नारनौंद निवासी अनिल उर्फ काला को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद कोर्ट में पेश किया गया था। जमानत के बाद में आरोपित तारीख पेशी पर गैरहाजिर रहने से अदालत ने उसे उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया। कोर्ट के आदेशों के अनुसार पुलिस ने उद्घोषित अपराधी संबंधी मामला दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने उसे दोबारा गिरफ्तार किया है।

3 गांवों से 140 लीटर लाहन व 11 बोतल देसी शराब पकड़ी

नारनौंद। नारनौंद पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर भारी मात्रा में लाहन व देसी शराब बरामद की है। थाना नारनौंद में तैनात सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव राजथल में थी। उसकी दौरान सूचना मिली कि राजथल निवासी कृष्णा कच्ची शराब तैयार करके बेचती है। टीम ने तुरंत दबिश दी तो मौके से 80 लीटर लाहन बरामद हुआ। हेड कांस्टेबल संदीप कुमार ने बताया कि गश्त के दौरान गांव कापड़ो में महिपाल उर्फ पाला अपने खेत में बने कमरे में कच्ची शराब तैयार कर बेच रहा था। पुलिस को वहां से 60 लीटर लाहन मिला, जिसे कब्जे में ले लिया गया। वहीं मिर्चपुर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रणधीर ने मिलकपुर रोड पर गश्त के दौरान मिर्जापुर निवासी प्रवीन को 11 बोतल देसी शराब बरामद के साथ गिरफ्तार किया।

जन परिवाद समिति की बैठक अब 22 को होगी

हिसार। जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक, जो पहले 21 जनवरी को प्रस्तावित थी, उसे स्थगित कर दिया गया है। अब यह बैठक 22 जनवरी को होगी। नगराधीश हरिराम ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार करेंगे। बैठक के दौरान जिले से संबंधित विभिन्न जन परिवादों पर चर्चा की जाएगी। नगराधीश ने बताया कि बैठक में सभी विभागाध्यक्षों को उपस्थित रहने के निर्देश जारी किए गए हैं।

6.51 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवक पकड़े

आदमपुर। सीआईए टीम ने चुली माइनर के पास से दो व्यक्तियों को काबू कर 6.51 ग्राम हेरोइन बरामद की है। उप निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर गांव चूली माइनर के पास से दो व्यक्तियों को काबू किया। पूछताछ में उन्होंने अपना पहचान चूली कलां निवासी कुलदीप व चूली निवासी कुलदीप बताया। तलाशी में उनके पास पॉलीथिन की थैली में 6.51 ग्राम हेरोइन और 28 हजार 500 रुपए बरामद हुए। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज कर लिए हैं।

यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए सख्ती से नियम पालन करवाएंगे अधिकारी

अब ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों व स्टंट करने वालों की खैर नहीं

ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लेकर मेयर प्रवीण पोपली ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था की समस्या और गलत पार्किंग से पैदा हो रहे जाम से निजात दिलाकर व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से नगर निगम के मुख्य सभागार में बैठक कर के अधिकारियों ने मंथन किया। मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में हुई बैठक में अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, डीएसपी ट्रैफिक पुलिस तरुण शर्मा, ट्रैफिक थाना प्रभारी मेहर सिंह तथा कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा उपस्थित रहे। बैठक के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सुचारू बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

जाम से भी निजात दिलाने की कवायद

हिसार। बैठक में निर्देश देते मेयर प्रवीण पोपली। *फोटो: हरिभूमि*

स्टंटबाजों पर कड़ी नजर रखें

मेयर ने डीएसपी ट्रैफिक को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि शहर के मुख्य मार्गों और अन्य प्रमुख सड़कों पर स्टंटबाजी करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए। इस तरह की गतिविधियां न केवल कानून का उल्लंघन हैं बल्कि आम नागरिकों की जान के लिए भी खतरा बनती हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

ट्रैफिक लाइटें दुरुस्त की जाएं

मेयर ने यह भी कहा कि शहर की सभी ट्रैफिक लाइटें पूरी तरह दुरुस्त होनी चाहिए। यदि किसी चौराहे पर ट्रैफिक के दबाव को देखते हुए सिग्नल के समय में बदलाव की आवश्यकता हो तो उसमें तत्काल सुधार किया जाए। इससे यातायात को सुचारू बनाए रखने में मदद मिलेगी।

सख्ती से नियम पालन जरूरी

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन चालान प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जाए ताकि नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर तुरंत कार्रवाई हो सके। नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के कारण सड़कों पर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है, इसलिए ऐसे क्षेत्रों से वाहनों को उठाकर उनके चालान किए जाएं। इससे न केवल सड़कें खाली रहेंगी बल्कि लोगों में नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

स्वच्छता व अतिक्रमण अभियान की तर्ज पर हो काम

मेयर ने कहा कि जिस प्रकार नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान और अतिक्रमण हटाने के कार्यों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, उसी तर्ज पर ट्रैफिक व्यवस्था को भी बेहतर बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी वाहन चालक यदि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ बिना किसी ढिलाई के तुरंत कार्रवाई की जाए, ताकि शहरवासियों को सुरक्षित और जाम मुक्त यातायात सुविधा मिल सके।

ठोस और व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करें

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए। मेयर ने अधिकारियों से कहा कि एक ठोस और व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार की जाए।

हिसार। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल व मौके पर पड़े दोनों के शव।

सिरसा रोड पर तेजा मार्केट के पास हादसे में मां-बेटे की मौत

तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

- बाइक पर मंगाली से जा रहे थे अपने गांव कुलेरी

सिरसा रोड पर तेजा मार्केट के पास हुए हादसे में मां व बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। मां व बेटा दोनों अपने मोटरसाइकिल पर किसी आवश्यक कार्य से मंगाली गांव गए हुए थे और घटना के समय अपने गांव कुलेरी की ओर से जा रहे थे। मृतकों की पहचान कुलेरी निवासी लगभग 23 वर्षीय हिमांशु व लगभग 44 वर्षीय उसकी मां राजबाला के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि हिमांशु व राजबाला किसी आवश्यक कार्य से मंगाली गांव गए थे। सोमवार को दोनों अपने मोटरसाइकिल पर मंगाली गांव से वापस कुलेरी गांव की ओर जा रहे थे। जब वे सिरसा रोड पर तेजा मार्केट के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े, लेकिन मां व बेटे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की और दोनों शवों को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस ने 24 घंटे में चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

क्षेत्र मसतीश निवासी गांव भैणी अमीरपुर ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके खेत में बने कमरे की दीवार तोड़कर अज्ञात चोर एक स्टार्टर, एक पंखा व ट्यूबवेल की तार चोरी कर ले गए। शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। पुलिस ने एक ही दिन में गांव भैणी अमीरपुर के खेतों से एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान गांव मसूदपुर निवासी सुरेश के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने मौके पर ले जाकर निशानदेही करवाई गई, जहां आरोपित युवक ने चोरी की वारदात को स्वीकार करते हुए पश्चाताप व्यक्त किया कि वो भविष्य में कभी चोरी नहीं करेगा। उसके कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया गया। थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि किसान की शिकायतपर कार्रवाई करते हुए युवक को पकड़ लिया गया है।

- पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी सामान भी बरामद किया

कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर घेरा लघु सचिवालय

- 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का नोटिस डीसी के मार्फत मुख्य सचिव को भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

केंदीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का नोटिस देने के लिए कर्मचारी व विभिन्न संगठनों ने शहर में प्रदर्शन करके अपनी ताकत का अहसास करवाया। प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे कर्मचारियों व अन्य संगठनों ने लघु सचिवालय के मुख्य द्वार पर धरना देकर केन्द्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

तत्पश्चात संगठनों की ओर से प्रशासन के माध्यम से राज्य के मुख्य सचिव को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का नोटिस भेजा गया। प्रदर्शन कर रहे इन संगठनों ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की कर्मचारी, किसान, मजदूर व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ विभिन्न ट्रेड यूनियनों, कर्मचारी और किसान संगठनों के आह्वान पर 12 फरवरी राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। सकसं और सीटू ने संयुक्त रूप से हड़ताल की पूर्व सूचना के तौर पर मुख्य सचिव को डीसी के मार्फत नोटिस भेजा गया है। नोटिस डे प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अशोक सैनी और सीटू के जिला प्रधान कॉमरेड सुरेश ने संयुक्त रूप से और संचालन जिला सचिव ओमप्रकाश माल ने किया।

हिसार। लघु सचिवालय के आगे प्रदर्शन करते व ज्ञापन सौंपते कर्मचारी व अन्य संगठन।

ये संगठन मुख्य रूप से शामिल

नोटिस डे के कार्यक्रम में विभिन्न ब्लॉकों सहित जिलेभर के पदाधिकारियों प्रमुख रूप से ब्लॉक हिसार प्रधान राजेश बागड़ी, सचिव जयकुमार, जसबीर श्योकंद सचिव नारनौंद, सचिव विकास गौतम, अशोक श्योकंद बरवाला, सचिव देश दीपक, मोहम्मद इशाक उकलाना, सचिव अंग्रेज सिंह, रवींद्र शर्मा हांसी, सुभाष चंद्र अग्रोहा, रामसूरत आदमपुर, सचिव मदनलाल,बिजली विभाग से ओमप्रकाश वर्मा, जगविंदर पूनिया, दलीप सोनी, सूबे कादयान, सुरेंद्रहुड्डा, सुरेश रोहिल्ला, सुरेंद्रघोलूनगर निगम, दीपक मेहरा मैकेनिकल ब्रांच 41, रणवीर रावत पशुपालन, सुरेंद्रसिंह ग्रामीण सफाई कर्मचारी प्रधान, राकेश फौजी, मनोज कुमार जिला सचिव सीटू, नानक देव राणोलिया, मनोहर लाल जाखड़, हरियाणा एग्रो से प्रेम कुमार, सिविल अस्पताल से महेंद्री देवी, ममता, सोना देवी, हितेंद्र सिहाग हेमसा, मास्टर प्रमोद जांगड़ा हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ, स्वास्थ्य विभाग तालमेल कमेटी के संयोजक नूर मोहम्मद, किसान नेता शमशेर नंबरदार व नरेश गौतम आदि शामिल रहे।

हकृवि गेट पर जुटे प्रदर्शनकारी

हकृवि के गेट नंबर चार पर सुबह 11 बजे भारी संख्या में कर्मचारी, मजदूर और किसान संगठनों के सदस्य एकजुट हुए और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि सर्व कर्मचारी संघ की टीमें प्रदेशभर में एक फरवरी से जत्थे निकालकर कर हड़ताल को लेकर जागरूकता अभियान चलाएगा। जिला प्रधान अशोक सैनी ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में सभी प्रकार के आउटसोर्स/ठेका कर्मियों को पक्का करने, पीएफआरडीए एक्ट को रद्द करके पुरानी पेंशन नीति दोबारा लागू करने और बेरोजगारों को स्थाई रोजगार की मांग आदि शामिल है।

युवक ने किया स्टंट, पुलिस ने पकड़ा तो मांगी माफी

- स्टंट कर रहे युवक के तीन वीडियो आए सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शहर के प्रसिद्ध जिंदल टावर पर चढ़कर एक युवक ने बीयर की बोतलों पर सिर रख कर स्टंट किया। उक्त युवक टावर पर लगभग 282 फुट की ऊंचाई तक चढ़ गया और वहां पर यह स्टंट किया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने युवक को पकड़ा तो वह माफी मांगने लगा व भविष्य में ऐसा न करने की बात कही। बताया जा रहा है कि स्टंट कर रहे युवक के तीन वीडियो सामने आए हैं। दो में वह बीयर की बोतल पर सिर रखकर स्टंट करता नजर आ रहा है। फिर हाथों से जाली पकड़कर नीचे हवा में लटक जाता है। दूसरी वीडियो में वह माफी मांगते हुए लोगों से कहता दिखाई दे रहा है कि ऐसे स्टंट जानलेवा साबित हो सकता है। युवक का यह स्टंट देख टावर की देखरेख करने वाले कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उसे काबू करके पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पूछताछ में पता चला कि युवक राजस्थान का रहने वाला है। उसने अपनी इस हरकत के लिए माफी मांग ली है। सामने आई युवक की वीडियो के अनुसार पहले स्टंट में युवक अपने साथ बैग में बीयर की दो बोतलें और एक कैन लेकर जिंदल टावर की सिक्योरिटी बाउंड्री के बाहर बिना किसी सपोर्ट के पहुंचा। जहां उसने बाहर के सरफेस पर तीनों बोतलों को रखकर सर के बल खड़े होकर स्टंट किया। युवक इस स्टंट के बाद भी नहीं रुका। उसने इस स्टंट के बाद सिर्फ हाथों के सहारे लटक कर अपने पैरों को सिर के ऊपर से निकाला। ये स्टंट काफी खतरनाक था। इस स्टंट को भी युवक ने बिना किसी सहारे के ही किया। युवक वीडियो में तीसरा स्टंट करता दिख रहा है। इस तीसरे स्टंट में वह टावर के बाहर सरफेस में पैरों को फंसाकर उल्टा लटक रहा है। उसके द्वारा कोई सेफ्टी सपोर्ट का यूज नहीं किया गया है।

हिसार। स्टंट करता युवक।

वीडियो वायरल

इस स्टंट के बाद टावर संचालकों ने युवक को पकड़ लिया। टावर संचालक कुलदीप सिंह ने बताया कि युवक को डायल 112 के हवाले कर दिया गया है। इसके बाद पुलिस की हिरासत से युवक का एक और वीडियो वायरल किया जा रहा है, जिसमें वह कह रहा है कि आज वह जिंदल टावर पर चढ़ा था। उसने वहां बिना किसी सेफ्टी के स्टंट किया, जो उसकी गलती है। आज के बाद वह ऐसी गलती नहीं करेगा और इसके लिए माफी मांगता है।

हनुमान मंदिर से चोरी के मामले में तीन पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭आदमपुर

क्षेत्र के गांव मोड़ाखेड़ा स्थित हनुमान मंदिर से चांदी के मुकुट व गदा चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरीशुदा मुकुट और गदा बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में 15 जनवरी को गांव मोडाखेड़ा हनुमान मंदिर के पुजारी शंकरलाल ने आदमपुर थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार घटना के दिन प्रातः लगभग 5.30 बजे मंदिर का दरबार खोलने के बाद जब वे स्नान कर लौटे तो उन्होंने पाया कि हनुमान जी की मूर्ति पर लगा सोने की परत चढ़ा चांदी का मुकुट तथा दो चांदी की गदा चोरी हो चुकी हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 12 लाख रुपये है।

आरोपियों से चोरीशुदा मुकुट व गदा बरामद

आदमपुर। पकड़े तीनों आरोपी।

नगर निगम ने 51 बेसहारा पशु पकड़े

हिसार। नगर निगम टीम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़े जाने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा रहे। इस एएसआई संदीप बिश्नोई भी मौजूद रहे। सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि निगम की टीम ने सोमवार को आजाद नगर कम्युनिटी सेंटर, चंद्रलेन कॉलोनी, साकेत कॉलोनी से 51 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

मिलेगा जॉब 300 से अधिक विद्यार्थी ले रहे हैं ड्राइव में भाग

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय स्पेशल जॉब फेयर-कम-प्लेसमेंट ड्राइव शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से तीन दिवसीय स्पेशल जॉब फेयर-कम-प्लेसमेंट ड्राइव सोमवार से शुरू हुई। प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन अनुदीप फाउंडेशन के सहयोग से हो रहा है। इस ड्राइव में देशभर की 15 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग ले रही हैं, जबकि 300 से अधिक विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट के लिए पंजीकरण करवाया है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि गुजविप्रौवि अपने विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित रोजगार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। विवि के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में शुरू हुई इस ड्राइव के उद्घाटन समारोह के मुख्यातिथि कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा रहे जबकि अध्यक्षता ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक डा. प्रताप सिंह ने की। प्रो. संदीप ने कहा कि गुजविप्रौवि के विद्यार्थियों की प्लेसमेंट राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित कंपनियों में लगातार हो रही है।

हिसार। स्पेशल जॉब फेयर-कम-प्लेसमेंट ड्राइव का उद्घाटन करते मुख्यातिथि प्रो. संदीप राणा। *फोटो: हरिभूमि*

कंपनी अधिकारियों को किया सम्मानित

कंपनी के अधिकारियों का मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। इन अधिकारियों में बोल 7 टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के विरेन्द्र, बजाज केपिटल के तुषार, आरके बिजनेस ग्रुप के चंदन उपाध्याय, फिडुसिव टेक की करिश्मा और एमडी मनीष मिश्रा, एचडीबी फाइनेंशियल के कोशल शामिल रहे। प्लेसमेंट ड्राइव में अनुदीप फाउंडेशन के प्रतिनिधि आदर्श शर्मा, फैजान, पंकज, अपर्णा व सुनील के अतिरिक्त अन्य कंपनियों के एचआर भी प्रक्रिया का संचालन कर रहे हैं। ड्राइव संचालन में कनिका के निर्देशन में ओवरऑल कोर्डिनेटर्स संजय, मनन, अंकिता व विशाल तथा अंकुर, अंजलि, करीना, प्रभूता, लक्ष्य, उत्कर्ष, नेहा, मयंक तथा दीपक सहित 39 स्वयंसेवकों की टीम सहयोग कर रही है। सहायक निदेशक प्लेसमेंट डा. आदित्य वीर सिंह ने धन्यवाद किया।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

हरिभूमि

सहेली

रोहतक, मंगलवार
20 जनवरी 2026

10

विशेषः गणतंत्र दिवस
वसंत पंचमी, बालिका दिवस

भारतीय स्त्रियां गणतांत्रिक व्यवस्था के प्रति पूरी आस्था रखती हैं, वे इसे व्यापक संदर्भों में देखती हैं। उनके लिए गणतंत्र केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं, परिवार-समाज की एक ऐसी संरचना है, जो आपस में सबको जोड़ती है। स्त्रियों का मानना है, घर का संविधान शब्दों में नहीं, व्यवहार में लिखा जाता है, जो जीवन मूल्य सहेजता है। आज की स्त्रियों का यह भी मानना है कि घर-परिवार का लोकतंत्र मजबूत है तो देश का गणतंत्र भी हमेशा मजबूत रहेगा।

नए युग में स्त्री के लिए गणतंत्र के मायने

आवरण कथा

कल्पना मनोरमा, साहित्यकार

कभी-कभी बदलाव शोर मचाकर नहीं, दबे पांव भी आते हैं और भीतर ही भीतर विचलित कर देते हैं। ऐसे बदलाव धीरे से आकर हमारे भीतर बैठ जाते हैं, हमें पता तब चलता है, जब हम स्वयं को पहले जैसा नहीं पाते। इस तकनीकी युग के आगमन के साथ स्त्री की सजगता और स्वतंत्रता के दायरे में एक मौन के साथ गहरा बदलाव घटित हुआ है। यह बदलाव केवल सुविधा का नहीं, बल्कि मां के अनुभव और उसकी नैतिक समझ को चुनौती देने वाला है, मानो समय के प्रवाह में अचानक आईने रख दिए गए हों, जिनमें स्त्री को स्वयं को नए सिरे से देखने की चुनौती आ खड़ी हुई हो। खासतौर पर वे स्त्रियां, जिनके बच्चे बढ़ रहे हैं, पढ़ रहे हैं। जिन्हें बच्चों के अनुभव, अनुभूति, अभिव्यक्ति को तराशना है, उनके लिए यह तकनीकी दौर का संविधान, पहेली जैसा है।

बदलते समय का चक्रः सत्तर के दशक की मां के हाथ में छड़ी होती थी। वह छड़ी क्रूरता का प्रतीक नहीं, बल्कि वह स्पष्टता का संकेत थी। उसमें सीमा थी, अनुशासन था, और एक ऐसी नैतिक रेखा थी, जिसे लांघने से पहले बच्चा ठिठकता था, सोचता था, डरता था। फिर भी उस दौर की मां को उसकी संतान डर से नहीं, प्रेम, भरोसे और एक सहज स्नेह के साथ देखती थी। समय बदला। मां ने भी समय के साथ स्वयं को बदला। मांओं की दुनिया में घर के अलावा विद्यालय, ऑफिस, हवाई अड्डे, बस अड्डे आदि जुड़ने लगे तो उनके हाथ में छड़ी की जगह उपहार आ गए, संवाद, सुविधा, समझाइश, सहमति। यह परिवर्तन किसी हार का नहीं, संवेदनशीलता के विस्तार की यात्रा के रूप में देखा गया। लेकिन समय यहीं नहीं रुका। यह ऐसा समय है, जो न छड़ी से अनुशासित होता दिख रहा है और न ही उपहारों से साधा जा सकता है। यह न स्नेह से पिघलता है, न डांट से रुकता है। यहां स्कूल का होमवर्क हो या बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जटिल डेटा, सब कुछ क्षण भर में सुलझ जाता है। स्त्री यह सब देख रही है।

जटिलताओं का अंबारः मां की भूमिकाएं बदल रही हैं। आज की स्त्री के पास जटिलताओं का अंबार है। उसे अपने भीतर ठहरकर सोचना होगा कि यदि सब कुछ इतना तात्कालिक, असुविधा रहित होता चला गया, तो अनुभव कहां जाएगा? संघर्ष कहां टिकेगा? चिंतन की वह धीमी आग कहां सुलगेगी, जो मनुष्य को मनुष्य बनाने में मदद करती है। ऐसी विधि जो मनुष्य को केवल सक्षम नहीं, संवेदनशील भी बनाती है। भय यह नहीं है कि एक दिन मशीन मनुष्य बन जाएगी। भय यह है कि मनुष्य अपने सोचने, ठहरने और गलती करने के अधिकार से वंचित हो जाएगा, और तब यह दुनिया कैसी होगी, इसकी कल्पना ही सिहरन पैदा करती है, क्योंकि जिस गति से मनुष्य दौड़ रहा है, वह मानव तो रहने वाला है नहीं। यहीं से स्त्री का गणतंत्र जन्म लेता है। किसी उद्घोष से नहीं, बल्कि इस गहरी चिंता से कि मनुष्य कैसे बचा रहे?

स्त्री के लिए संविधान शब्दों से नहीं व्यवहार से लिखा जाता हैः अंतिम निर्णय किसी बाहरी व्यवस्था से नहीं, मनुष्य के भीतर रचे गए विवेक से जन्म लेता है। स्त्री इस विवेक को जानती है, इसलिए उस पर भरोसा करती है। उसके घर का संविधान शब्दों में नहीं, व्यवहार में लिखा जाता है, जहां संवेदना कोई सजावटी मूल्य नहीं, बल्कि जीवन की अमूल्य शर्त है। वहां दक्षता उपयोगी हो सकती है, पर निर्णायक नहीं, उपलब्धि दिख सकती है, पर मनुष्यता से बड़ी नहीं होती। आज की स्त्री दोहरे मोर्चों पर डटी है। वह ऐसा घर बनाना चाहती है, जहां गणतंत्र किसी एक दिन का उत्सव नहीं, रोज का अभ्यास बने। छोटे-छोटे निर्णयों में, सुने गए प्रश्नों में, रोके गए मुद्दों में और उस सावधानी में, जिससे मनुष्य को परिणामों में नहीं बदला।

आज की सबसे बड़ी चुनौतीः स्त्री जानती है कि प्रतीक जरूरी हैं, पर संरचना सजगता से बनती है। आज की स्त्री अनुभव से सीख चुकी है कि यदि घर के भीतर लोकतंत्र जीवित है, तो वह अपने घर को प्रयोगशाला नहीं बनने देगी। वह नहीं चाहेगी कि बच्चे आंकड़ों में ढलें और संबंध माप-तौल में सिमट जाएं। आज की स्त्री की समझ सीधी भी है और गहरी भी। अगर नहीं है तो वह अपनी समझ गहरी करती है, क्योंकि घर के भीतर लोकतंत्र जीवित रहा, तो देश के गणतंत्र को बचाने के लिए बाहर किसी संघर्ष की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मानवता का गणतंत्र न भय पर टिका है, न किसी प्रलोभन पर, बल्कि उस स्वतंत्र सोच और सजग उपस्थिति पर टिका है, जो समय की आंखों में आंखें डालकर प्रश्न कर सके। क्योंकि जीवन भूलों में रहकर ही अपने लिए बेहतर चुनना सीखता है, और यही प्रक्रिया मनुष्य को मनुष्य बनाए रखती है। पर जिस गति से मशीन, मानवीय समय को स्थिर करती हुई मानकीकृत शक्ति को भस्मासुर की तरह बढ़ा रही है, वहां सबसे बड़ी चुनौती यही है कि मनुष्य अपनी अनुभूति, धीमी गति और चूक की संभावना को बचाए रखे। ऐसे समय में स्त्री को किसी एक पक्ष में नहीं, बल्कि संतुलन साधने के उपाय खोजने होंगे, ताकि तकनीकी साधन बनी रहे, निर्णायक न बने, और जीवन अपनी स्वाभाविक लय में बहता रहे। यही उसका गणतंत्र है, अघोषित, पर हर दिन जिया जाने वाला, निरंतर।

स्त्री के लिए चेतना की एक संरचना है गणतंत्र

आज की जागरूक स्त्री के लिए गणतंत्र केवल कोई राजनीतिक व्यवस्था नहीं है, बल्कि चेतना की एक संरचना है। एक ऐसा आंतरिक संविधान, जो शोर में नहीं, आत्मसंवाद में रचा जाता है। यह वह गणतंत्र है, जहां सुविधा से पहले विवेक की बात की जाती है। गति से पहले ठहराव आता है और उत्तर से पहले प्रश्न पूछे जाते हैं। क्योंकि प्रश्न पूछना ही मनुष्य की अंतिम आजादी है। स्त्री जानती है कि तकनीक को न तो पूरी तरह नकारा जा सकता है, न आंख मूंदकर अपनाया जा सकता है। इसलिए वह गणतंत्र की गरिमा संसद के शोर में नहीं, अपने घर की चुप्पी में बचाने का संकल्प लेती है। घर जहां वह हर दिन, अनजाने ही, अपना संविधान लिखती है। इस संविधान में सबसे पहले अनुभव का अधिकार सुरक्षित होता है। हर समस्या का त्वरित समाधान नहीं दिया जाता। बच्चे को सोचने दिया जाता है, उलझने दिया जाता है, गिरने और उठने का अवसर दिया जाता है, क्योंकि जीवन उत्तरों से नहीं, प्रक्रिया और प्रतिक्रिया से बड़ा होता है। यहां प्रश्न पूछना अपराध नहीं होता। यहां असहमति अवज्ञा नहीं कहलाती। मशीन से उत्तर लेने से पहले मनुष्य से संवाद किया जाता है। शब्दों के बीच की खामोशी को भी सुना जाता है, समझा जाता है। यहां तकनीक साधन होती है, निर्णायक नहीं। चैटजीपीटी सहायक है, जीवनचर्या का विकल्प नहीं।

नेतृत्वशील बनकर मजबूत करें देश का गणतंत्र

अगर आपके भीतर नेतृत्व के गुण हैं तो आप सशक्त होकर देश के गणतंत्र को भी मजबूत करने में अपना योगदान दे सकती हैं। नेतृत्वशील कैसे बनें, जानिए-

भूमिका

नलिन खोईवाल

आप किसी भी क्षेत्र में हों, आपके भीतर नेतृत्व क्षमता यानी लीडरशिप की क्वालिटी है तो आप न सिर्फ तरक्की पाएंगी, सशक्तिकरण की राह पर भी आएंगी। इस तरह महिलाएं सशक्त बनकर, अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वाह करके देश के विकास में अपना योगदान देकर, देश का गणतंत्र मजबूत कर सकती हैं। आप भी नेतृत्वशील बनिए। इसके लिए आपके भीतर कुछ खूबियों का होना जरूरी है, ये कौन-सी हैं, जानिए-

त्वरित निर्णय लेने की क्षमताः अच्छा नेतृत्व वही कर सकता है, जो अच्छा प्रबंधक हो। अच्छा प्रबंधक बनने के लिए त्वरित निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए। साथ ही कोई बात सही है या नहीं, योजना उचित है या नहीं, निर्णय न्यायसंगत है या नहीं, इसके लिए स्वविवेक से निर्णय लेने की भी क्षमता होना बहुत जरूरी है।

दृढ़ इच्छाशक्ति और सेवाभावीः कुशल नेतृत्व वही कर सकता है, जिसके भीतर दृढ़ इच्छाशक्ति और पक्का इरादा हो। आप जो भी निर्णय लें दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास के साथ लें। साथ ही आपका व्यक्तित्व सेवाभावी और दूसरों के प्रति सहानुभूति रखने वाला भी होना चाहिए।

चेहरा हो मुस्कान भराः एक हंसता-मुस्कराता चेहरा, सौ मर्ज की दवा है। एक मधुर मुस्कान भारी से भारी थकान को चुटकी में दूर कर देती है। सफल प्रबंधन के लिए जरूरी है कि आप स्वभाव से हंसमुख भी हों।

ईमानदार, सामर्थ्यवान और बुद्धिमान बनें: आप जिस भी संस्थान में काम कर रही हों, वहां पूरी लगन, निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करें। काम कितना ही बड़ा और जटिल क्यों न हो, आपके भीतर उसे पूरे आत्मविश्वास के साथ करने की सामर्थ्य होनी चाहिए।

सोच हो सकारात्मकः आप जहां भी अपनी सेवाएं दें, नकारात्मक विचारों को त्यागकर सकारात्मक सोच के साथ अपनी सेवाएं दें। जैसी दृष्टि होगी, वैसी ही सृष्टि होगी। कर्म में विश्वास करें और औरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

समय प्रबंधन हो कुशलः नेतृत्व में कुशल महिलाएं हमेशा समय का उचित प्रबंधन करके चलती हैं, क्योंकि कम समय में बहुत सारे काम करने होते हैं। समय के साथ चलें और समय की कीमत को पहचान कर आगे बढ़ें। सफलता के लिए जरूरी है कि कार्य की प्राथमिकता तय कर कार्यों का निष्पादन करें।

बनें परिवर्तनशील और बढ़ावा दें नवचारिता कोः परिवर्तन संसार का नियम है, परिस्थितियों के अनुसार प्रतिष्ठान की कार्यशैली में बदलाव करती रहें। नए-नए प्रयोग कर नवचारिता को बढ़ावा दें। इससे संस्थान में स्वस्थ वातावरण बनेगा, सबकी कार्यक्षमता बढ़ेगी।

हो समर्पण और टीम भावनाः आप काम के प्रति पूरी तरह समर्पित रहें और जरूरत पड़ने पर त्याग करने के लिए तत्पर रहें। सभी को साथ लेकर चलें, टीम भावना का विकास करें, क्योंकि संगठन में ही शक्ति है।

व्यक्तित्व हो सरल-सादगीपूर्णः आपका व्यक्तित्व ऐसा सरल और सादगीपूर्ण होना चाहिए कि दूसरों पर एक अच्छा प्रभाव छोड़े और आप लोगों के लिए एक मिसाल बनें। दिखावे की जिंदगी न जिएं। सादा जीवन-उच्च विचार को महत्व दें।

व्यवहार हो मृदुः एक टीम लीडर के रूप में आपका प्रयास यही हो कि कार्यालय में सौहार्दपूर्ण वातावरण रहे, इससे लोग अनावश्यक तनाव से बचे रहेंगे। आप भी निश्चिंत होकर अपने कार्य का निर्वहन अच्छे से कर पाएंगी।

यहां बताई गई इन बातों को ध्यान में रखेंगी तो सफलताएं आपकी कदम चूमेंगी। देश के विकास में आपकी अहम भूमिका होगी।

वसंत ऋतु में निहित भावबोध को समझें तो यह हमारे भीतर की एक अनुभूति भी है, जीवन जीने की एक कला है। आज की स्त्रियां इस जीवन कला को पूरे मन से अपना रही हैं, अपने संग अपनों के जीवन को वासंती रंगों से संवार रही हैं।

वसंत को जीवनपर्यंत जीती हैं स्त्रियां

जीवनशैली

सरस्वती रमेश

वसंत ऋतु परिवर्तन, सृजन, ज्ञान और नवजीवन का द्योतक है। माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को मनाया जाने वाला वसंत पंचमी, शीत ऋतु के अंत और वसंत ऋतु के आगमन का संदेश लेकर आता है। एक तरह से यह प्रकृति की ऊष्मा को जीवन में उतारने का संदेश लेकर भी आता है। इस संदेश को अपनाने में महिलाएं सबसे आगे होती हैं। वसंत और महिलाओं की प्रकृति का यह साम्य आजीवन बना रहता है।

घर में बिखेरती हैं वसंत की सुगंधः एक स्त्री के जीवन का वसंत ठीक वैसा ही होता है, जैसा प्रकृति के बाहरी स्वरूप में दिखाई पड़ता है। जिस तरह प्रकृति अपने भीतर के साज, कोमलता, रंग, गंध और जीवन को वसंत के माध्यम से अभिव्यक्त करती है, ठीक वैसे ही एक स्त्री प्रकृति के इन विशेषणों को अपने जीवन और आचरण में धारण कर अपने घर-परिवार में बारहों महीने वसंत होने का अहसास भरती है। कोयल के कूकने में, आम्र मंजरियों की सुगंध में, सरसों के पीले फूलों को देखने में जो आनंद की अनुभूति होती है, कुछ-कुछ वैसी ही अनुभूति एक स्त्री सुबह-सुबह चाय की प्याली में भर कर घर भर में बिखेर देती है। उसके पकाने-खिलाने, सजाने-संवारने, पालने-पोसने से जुड़ी हर क्रिया में वसंत का ही राग और रंग निहित होता है। परिवार के हर सदस्य की जरूरत का ख्याल रखकर उनके जीवन में खुशी और संतुष्टि के फूल घर की स्त्री ही खिलाती है। स्त्री के परिश्रम और समर्पण से ही उसके घर के कोने-कोने में वसंत हर समय मुस्कुराता है।

अपनों के जीवन में घोलती हैं रंगः स्त्रियों के जीवन का वसंत कोमल या संकुचित नहीं जीवंत, कर्मठ और विस्तृत होता है। आज की स्त्री अपने जीवन में वसंत लाने के साथ ही अपने पूरे परिवार के सपनों में रंग भी भरती है। वसंत का अर्थ भी यही है। हर ओर फूल, हर ओर हरियाली, हर ओर खुशहाली। उसका मानना है कि जब तक परिवार का प्रत्येक सदस्य अपने जीवन में संतुष्टि, कामयाबी, प्रेम, अपनत्व और प्रसन्नता का वसंत नहीं महसूस करेगा, तब तक उसके जीवन में आया वसंत एकाकी और उल्लासहीन रहेगा। उसमें उल्लास तभी शामिल होगा, जब उसके अपनों के मन के तार भी एक साथ झंकृत हों। इसीलिए आज की स्त्रियों ने घर-परिवार और बाहरी संसार के बीच कुछ इस तरह संतुलन बनाना सीख लिया है कि हर ओर वसंत मुस्कुरा उठे।

पराए को बना लेती हैं अपनाः स्त्री के जीवन में वसंत जीवन भर उसके संग-संग सहचर बना रहता है। बचपन के दिनों में बाबुल के आंगन में उनकी चहचहाहट, किशोरवय की उनकी खिलखिलाहट वसंत के फूलों की तरह घर-आंगन में झरती रहती है। बेटियों के लिए उनके मां-बाप का दुलार-प्यार उनके जीवन के वसंत का सबसे मोहक पक्ष होता है। बहू के रूप में सास-ससुर, ननद, जेठ-जेठानी और देवर को सम्मान और स्नेह के सुगंध से अपना बना लेती हैं। पत्नी के रूप में अपने पति के जीवन का तो वसंत ही बन जाती हैं। ऐसी खिलती और महमहाती हैं कि पराया घर, पराए लोग कब अपने बन जाते हैं, पता ही नहीं चलता।

लुटाती हैं वसंत की ऊष्माः स्त्रियां घर-परिवार में मनाए जाने वाले पर्व-त्योहारों में नए रंग भर देती हैं। रिश्तों में मायूसी की सारी बर्फ, ठिठुरन, ठहराव की शीत पर वसंत की ऊष्मा छिड़कते हुए हर ओर अपनेपन और प्यार के फूल खिलाती हैं, जीना सिखाती हैं।

स्किन को यंग बनाएगा केले का छिलका

स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

हम अकसर केला खाने के बाद उसका छिलका डस्टबिन में फेंक देते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि केले का छिलका आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा सकता है? केले का छिलका एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन बी-6, विटामिन-सी, पोटेशियम और मिनरल्स से भरपूर होता है, जो कि आपकी त्वचा और बालों के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है। विटामिन त्वचा को पोषण देते हैं और चमक बढ़ाते हैं। पोटेशियम त्वचा को हाइड्रेट करने में मदद करता है जबकि एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को धूप और प्रदूषण से होने वाले नुकसान से बचाते हैं।

फेस मास्कः यह फेस मास्क बनाने के लिए केले के छिलके को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर इन्हें मिक्सी में पीसकर मुलायम पेस्ट बना लें। इस पेस्ट में आधा चम्मच चावल का आटा और आधा चम्मच चीनी मिलाएं। इन तीन चीजों को अच्छी तरह मिक्स करें। इस तरह आपका नेचुरल फेस मास्क तैयार हो जाएगा। इस फेस मास्क को अप्लाई करने से पहले अपने चेहरे को साफ पानी से जरूर धो लें ताकि त्वचा पर जमी मैल और गंदगी हट जाए अन्यथा इसके पॉजिटिव रिजल्ट नहीं आएंगे। इसके बाद इस फेस मास्क को त्वचा पर समान रूप से लगाएं और प्राकृतिक तौर पर सूखने दें। जब मास्क सूख जाए तो ठंडे पानी से चेहरा धो लें। इस मास्क को रोजाना एक बार लगाने से आपकी त्वचा मुलायम, साफ और चमकदार बनेगी। आप चाहें तो यह पेस्ट ज्यादा मात्रा में बनाकर एयर टाइट कंटेनर में भी रख सकती हैं और जरूरत के अनुसार इसका उपयोग कर सकती हैं।



फाइन लाइंस के लिएः अगर आपके चेहरे पर समय से पहले फाइन लाइंस आनी शुरू हो गई है या दाग-धब्बों से परेशान हैं। तो भी केले का छिलका मददगार हो सकता है। इसके लिए पके हुए केले का छिलका लेकर अंदर वाले हिस्से से चेहरे पर धीरे-धीरे मसाज करें। खासकर दाग-धब्बों या पिंपल्स वाली जगह पर। इसके बाद आधे घंटे तक छोड़ दें और फिर गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

रिंकल्सफ्री स्किन के लिएः केले के छिलके के अंदर वाले हिस्से को चेहरे पर कुछ मिनट के लिए रगड़ें, फिर गुलाब जल लगाएं। इसके बाद 25 मिनट के बाद चेहरा धो लें। बेहतर परिणामों के लिए इसका नियमित इस्तेमाल करें।

स्किन टोनिंग के लिएः केले के छिलके को मैश करके इसमें दही मिलाकर स्मूद पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने के बाद आधे घंटे के लिए छोड़ दें फिर ताजे ठंडे पानी से धो डालें। इसके नियमित उपयोग से कील-मुंहासों को चेक करने में भी मदद मिलेगी।

डार्क सर्कल के लिएः आंखों के नीचे के काले घेरे दूर करने में भी केले का छिलका असरदार साबित होता है। इसके लिए आपको सबसे पहले केले के अंदर का सारा रेशा निकालना होगा। इसमें एक चम्मच एलोवेरा जैल मिलाकर आंखों के आस-पास 15-20 मिनट लगाएं और बाद में ताजे पानी से धो डालें। इसके रोजाना उपयोग से आंखों के नीचे की रंगत में असर दिखाई देगा।

इस बार वसंत ऋतु में सरस्वती पूजन का पर्व और राष्ट्रीय बालिका दिवस (24 जनवरी) का संयोग, अपने में कई संदेश लेकर आया है। संदेश यह कि हमारे प्रोत्साहन से बेटियां अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकती हैं।

हमारी बेटियां बनें विवेकशील-सशक्त

नई सोच

चैतन्या



वसंत, नव सृजन और उल्लास की रुत है। यह मौसम हर ओर खिले रंग-बिरंगे फूलों और भंवरों की गुंजन के बीच नई ऊर्जा संग जीवन से जुड़ जाने का उल्लास साथ लाता है। मां शारदा की उपासना का उत्सव, वसंत पंचमी भी सर्दी के कुहासे से निकलकर प्रकृति की रौनक से मिलने का पर्व है। ज्ञान, संगीत और कला की देवी वीणावादिनी के अर्चन का पर्व मन से रचनात्मक और जीवन को उल्लासित दृष्टि से देखने वाली बेटियों के लिए भी बहुत अहम होता है। हमारे परिवारों में समय के साथ आए बदलावों ने इस पर्व को और सार्थक बना दिया है। बेटियों की शिक्षा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता के प्रति बदली सोच वसंत पंचमी के उत्सव से जुड़े सुंदर-स्नेह भरे रंगों से मिलवाती है। जिसमें देवी की आराधना के साथ ही बेटी की अनुभूतियों को समझने का भाव भी जुड़ गया है।

लाडलियों के ज्ञान का मानः बेटियां हमेशा से ही घर-आंगन की रौनक मानी जाती हैं। उनकी खिलखिलाहट के बिना हर उत्सव अधूरा लगता है। बेटियों की खुशी और उल्लास अपनों के जीवन में वासंती रंग भर देते हैं। नृत्य-संगीत जैसे रचनात्मक क्षेत्रों में बेटियों की खूब रुचि रहती है। एक समय था, जब उनके अस्तित्व को घर के बाहर की दुनिया से जोड़कर नहीं देखा जाता था। कलात्मक क्षेत्रों में उनके रुझान को गंभीरता से नहीं लिया जाता था, लेकिन अब बेटियां अपनी कला, बुद्धि और विवेक से हर ओर छाई हुई हैं। परिवार से लेकर समाज और देश के आंगन तक, बेटियों की मौजूदगी दिखती है। उनकी भागीदारी ही नहीं ज्ञान का भी मान होने लगा है। लाडलियों की रचनात्मकता पर अब उनके अपने गर्व करते हैं। ऐसे में ज्ञान, कला और संगीत की देवी के पूजन का पर्व और प्रासंगिक लगता है। वैसे भी वसंत पंचमी का त्योहार पौराणिक और धार्मिक महत्व का ही नहीं सृजनात्मक कार्यों की नई शुरुआत के लिए भी बहुत खास होता है। इस दिन बेटियां भी माता सरस्वती से अपनी प्रतिभा निखारने का आशीर्वाद मांगती हैं।

सशक्त बनाता स्नेहः हमारे घरों में अब बेटियों को देश की शिक्षित-सजग नागरिक बनाने वाला स्नेही भाव साफ दिखता है। यह बदलाव हर बालिका को सही मायने में सशक्त बनाने वाला है। कहते हैं कि अज्ञान का अंधकार दूर होने से ही जिंदगी में सुनहरा सवेरा होता है। मां सरस्वती की उपासना का यह पर्व भी मन को चेतनामयी बनाने का ही तो उत्सव है। देखने में आ रहा है कि अब बिटिया के जज्बाती भावों को नहीं, जागरूक सोच को भी जरूरी माना जाने लगा है। अपनी लाडलियों को प्रभावी व्यक्तित्व की धनी बनाने पर जोर दिया जाता है। जिसके चलते ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी माता शारदा की उपासना की रीत वाले हमारे परिवेश में बेटियां भी अपनी बुद्धि और समझ के बल पर नित नए आसमान छू रही हैं। हर दिन अपनी जिजीविषा और प्रतिबद्धता के बल पर कुछ कर गुजरने के उदाहरण सामने आते रहते हैं।

भविष्य की बुनियादः असल में वसंत की दस्तक को सार्थक विचारों का आगमन भी माना जाता है। बेटियों के प्रति बर्ताव में आया अर्थपूर्ण बदलाव, परिवार ही नहीं, पूरे समाज के भविष्य की बुनियाद बनाने की भी शुरुआत है। घर-परिवार में लाडलियों के प्रति लगाव का भाव उनके स्वतंत्र अस्तित्व और आकांक्षाओं की स्वीकार्यता के सुखद पहलू लिए है।

खबर संक्षेप

सैनी सभा के जिला अध्यक्ष अजय ने लिया आशीर्वाद

हिसार। हाल ही में राष्ट्रीय सैनी सभा के हरियाणा प्रदेश के अध्यक्ष जसबीर सैनी की ओर से नियुक्त राष्ट्रीय सैनी सभा हिसार जिला के अध्यक्ष अजय सैनी अपने पिता हरिसिंह सैनी के साथ हिसार विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रामनिवास राड़ा से आशीर्वाद लेने उनके राड़ा फार्म हाऊस पर पहुंचे। अजय सैनी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे वह पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे और समाजहित में अपनी भरपूर ऊर्जा लगाएंगे और समाज के हित में सभी के सहयोग से आगे बढ़ेंगे।

श्याम धाम बीड़ बबरान पैदल यात्रा 22 को

आदमपुर। धार्मिक संस्था खाटू श्याम बालाजी सेवा समिति की ओर से 22 जनवरी शाम को आदमपुर से बीड़ बबरान तक पैदल यात्रा का आयोजन किया जाएगा। सहयोगी मुकेश गोयल ने बताया कि यह यात्रा 32 किलोमीटर की होगी जिसमें सैकड़ों भक्त बीड़ बबरान जाकर बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा में जाने वाले भक्तों को समिति की तरफ से बाबा श्याम का प्रतीक भी भेंट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा भक्तों को वापसी के लिए साधन में उपलब्ध होंगे तथा प्रसाद वितरण में किया जाएगा।

एसएम हेल्थ एवं एजुकेशन फाउंडेशन ने बांटी जरूरतमंद बच्चों को किताबें

हिसार। एसएम हेल्थ एवं एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से सिरसा रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के नवचेतना स्कूल में जरूरतमंदर बच्चों को कापी व किताबें वितरित की गई। फाउंडेशन के डायरेक्टर सुनील दिनोदिया ने बताया कि सोमवार को बच्चों की सर्दी की छुट्टियां खत्म होने व स्कूल खुलने के साथ ही जरूरतमंद बच्चों को कापियां व किताबें वितरित की गई हैं। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए बच्चों और लोगों को जागरूक करती है। इसके तहत समय-समय पर हेल्थ चैकअप कैंपों का आयोजन किया जाता है। सुनील दिनोदिया ने बताया कि फाउंडेशन शिक्षा और स्वास्थ्य के अलावा अन्य सामाजिक कार्यों के लिए भी सदैव तैयार रहती है।

खराब फसल का मांगा मुआवजा एसडीएम को किसानों ने सौंपा ज्ञापन

नारनौंद। पिछले दिनों खराब हुई फसलों के मुआवजे के लिए किसान लगातार सरकार से जल्द मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। इसी मांग पर गांव कोथ कला में भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान सतेन्द्र कोथ की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें यूनियन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इसमें वीरेंद्र और बॉबी महावीर सिंह संधू, भान संधू, जितेंद्र, महेंद्र श्योराण, सूबे सिंह, ओम सिंह, राजेंद्र सिंह आदि किसान नेताओं ने शिरकत की। बैठक में निर्णय लिया कि नारनौंद के एसडीएम को जल्द मुआवजा राशि जारी करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। सोमवार को एसडीएम विकास यादव को भारतीय किसान यूनियन ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

क्षेत्र वासियों को गर्मियों में मिलेगा स्वच्छ पेयजल : विनोद भयाना

भाखड़ा जलापूर्ति विकास परियोजना का मई तक पूरा हो जाएगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

भाखड़ा नहर से इसी वर्ष गर्मियों में शहरवासियों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल मिलना शुरू हो जाएगा। इस विकास परियोजना का कार्य प्रारंभ हो चुका है। आगामी में मई तक इस विकास परियोजना का कार्य पूर्ण हो जाएगा। इसके साथ ही हर घर को प्रतिदिन पर्याप्त पानी उपलब्ध होना भी शुरू हो जाएगा। यह बात विधायक विनोद भयाना ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। विधायक ने जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा तय समय सीमा में विकास कार्य पूर्ण नहीं करवाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें फटकार लगाते हुए कहा कि विकास कार्यों को पूर्ण करवाने में किसी भी सूरत में देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि शहर की सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए। इसके लिए अगर किसी भी संसाधन की आवश्यकता है तो अविलंब सूचित करें उन्हें हर प्रकार के संसाधन उपलब्ध करवा दिए जाएंगे।

हांसी। अधिकारियों की बैठक लेते विधायक विनोद भयाना।

अधिकारियों के साथ विधायक ने की बैठक

नगर परिषद के अधिकारियों ने विधायक को बताया कि फिलहाल शहर में कूड़ा कर्कट कलेक्शन के लिए 31 टीपर संचालित है और डोर टू डोर कूड़ा कर्कट इकट्ठा करने का कार्य भी आगामी माह से शुरू हो जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि शहर के विकास को लेकर 20 करोड रुपए राशि के प्रस्ताव तैयार किया जा चुके हैं। इस अवसर पर विधायक ने बेसहारा पशुओं को पकड़ कर उचित जगह पर पहुंचाने तथा शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो। उन्होंने कहा कि शहर में लोगों की जरूरत के हिसाब से शौचालय बनवाए और उनकी देखरेख भी की जाए। मीटिंग में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों ने बताया कि आगामी गर्मी के मौसम में नागरिकों को निर्बाध बिजली उपलब्ध करवाने के लिए विशेष कार्य योजना पर काम किया जा रहा है। और 18 करोड रुपए की लागत से शहर में पुरानी बिजली की तारों को बदलने का काम करवाया जा रहा है, और बहुत ही जल्द यह कार्य पूरा हो जाएगा। बैठक में नगर पार्षद, जन स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, नगर परिषद, विकास एवं पंचायत विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

दिशा निर्देश दिए

विधायक ने निर्माण कार्यों से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए देते हुए कहा कि निर्माणधीन विकास कार्यों को तेजी से पूरा करवाना तथा नए विकास कार्यों को शीघ्र शुरू करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई व लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। विधायक ने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखें किसी भी स्थान पर कूड़ा कर्कट नजर नहीं आना चाहिए।

कैडेट्स जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करें व पूरा करने को जी जान लगा दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज में एनसीसी आर्मी विंग तृतीय हरियाणा बालिका वाहिनी के तत्वावधान में एक प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने मुख्य अतिथि कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडेय का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कैडेट्स को संबोधित करते हुए कर्नल पांडेय ने अनुशासन, धैर्य, मेहनत एवं पढ़ाई के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कबीर के दोहों के माध्यम से विद्यार्थी जीवन को एक सफल जीवन में परिवर्तित करने का मार्ग सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने कैडेट्स से आह्वान किया कि वे जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करें तथा उन लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में भरसक प्रयास करें।

हिसार। कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडेय का स्वागत करते प्रावार्य सुरेन्द्र कुमार बाजिया।

राष्ट्र के प्रति योगदान दें

कार्यक्रम में मेजर डॉ. सरोज मलिक ने सफलता की वास्तविक परिभाषा पर अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों का ध्यान सार्थकता, सच्ची सफलता और सकारात्मक सोच की ओर केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि केवल उपलब्धियां ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति योगदान भी सच्ची सफलता का आधार होता है। कार्यक्रम के संचालन में अंडर ऑफिसर खुशी एवं सार्जेंट प्रीति ने विशेष भूमिका निभाई। व्याख्यान कार्यक्रम में सभी एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कड़कड़ाती ठंड में जलधारा तपस्या कर रहे गुरु धर्मनाथ महाराज व किन्नर बंटी महंत

हिसार। धुणाधारी सेवा समिति के तत्वाधान में मिर्जापुर रोड स्थित कृष्णा ज्योति कॉलोनी में जलधारा की तपस्या कर रहे गुरु धर्मनाथ महाराज की तपस्या के 37 दिन पूर्ण हो गये हैं। इनके साथ ही हिंदू एकता निर्माण संघ युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष किन्नर बंटी महंत की कठिन जलधारा तपस्या आज आठवें दिन में प्रवेश कर गई। उनकी यह साधना कड़कड़ाती ठंड के बीच निरंतर जलधाराओं के बीच गुरु धर्मनाथ के सान्निध्य में चल रही है। किन्नर बंटी महंत का कहना है कि सनातन धर्म की मजबूती और हिंदू समाज की एकजुटता के लिये प्रार्थना कर रहे हैं।

निगम हाउस ने किया दो मिनट का मौन धारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम के मुख्य सभागार में सोमवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया। यह सभा पार्षद मनोहर लाल के पिता रणसिंह वर्मा व पार्षद सरोज की माता सुलोचना देवी के निधन के चलते दिवंगत आत्मा की शांति के लिए रखी गई। नगर निगम हाउस के सभी सदस्यों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मेयर प्रवीण पोपली, निगमायुक्त नीरज, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा और अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। इस दौरान पार्षद जगमोहन मित्तल, पार्षद हरि सिंह सैनी, पार्षद संजय डालमिया, पार्षद मोहित सिंघल, पार्षद राजेन्द्र बिडलान, पार्षद राजेश अरोड़ा, पार्षद नवीन कुमार, मनोनीत पार्षद सुरेश जागड़ा, मनोनीत पार्षद गगन शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि प्रीतम सैनी सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

अखिल भारतीय सेवा संघ ने खंड शिक्षा अधिकारी राकेश चराया का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

देश सेवा में समर्पित प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संस्था अखिल भारतीय सेवा संघ के सदस्यों ने राकेश चराया के हिसार में खंड शिक्षा अधिकारी नियुक्त होने पर स्मृति चिह्न देकर उनका अभिनन्दन किया। इस अवसर पर राकेश चराया ने कहा कि वो शिक्षा में सुधार के लिए प्रयास करेंगे तथा सभी कर्मचारियों के कार्यों को समय पर पूरा करने का प्रयास रहेगा। अखिल भारतीय सेवा संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजेंद्र सपड़ा ने कहा कि राकेश चराया का जीवन शिक्षा व समाज को समर्पित रहा है। ऐसे व्यक्ति का खण्ड शिक्षा अधिकारी होना, पूरे समाज के लिए गौरव का विषय है। उम्मीद है राकेश चराया पहले से भी अधिक मेहनत करके शिक्षा में नए आयाम स्थापित करेंगे। इस मौके पर अखिल भारतीय सेवा संघ के राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन, प्रांतीय अध्यक्ष राजेंद्र सपडा, प्रांतीय संगठन सचिव संदीप भाटिया, प्रांतीय सचिव सजंय सेहरा, शाखा सचिव संजीव राजपाल, शाखा उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, गुलशन कथूरिया, सतीश भुटानी, गौरव आदि सदस्य उपस्थित रहे।

हिसार। खंड शिक्षा अधिकारी हिसार राकेश चराया का अभिनंदन करते अखिल भारतीय सेवा संघ के सदस्य।

समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनकर एसडीएम ने दिए समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

जिला सचिवालय परिसर में सोमवार को एसडीएम राजेश खोथ की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के नागरिकों ने विभिन्न जनसमस्याएं रखीं, जिन्हें एसडीएम राजेश खोथ ने गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित व प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि समाधान शिविर प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम हैं। प्रशासन की प्राथमिकता है कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निपटारा किया जाए। समाधान शिविर में गांव ढाणी पीरवाली में गली की जमीन पर अवैध कब्जे से संबंधित शिकायत प्रस्तुत की गई। इस पर एसडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर मुआयना करने तथा नियमानुसार उचित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खानपुर गांव के सरपंच द्वारा गांव में बिछाई गई नई पेयजल पाइपलाइन में लीकेज की समस्या को लेकर आवेदन दिया गया।

हांसी। समाधान शिविर में जन समस्याएं सुनते एसडीएम राजेश खोथ।

किसान सम्मान निधि नहीं मिली

शेखपुरा निवासी एक किसान ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि खाते में नहीं आने की शिकायत रखी। एसडीएम राजेश खोथ ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को तत्काल जांच कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। ढाणा खुर्द निवासी लीला राम तथा गांव सोरखी निवासी राम मेहर ने पिछले दिनों बंद हुई वृद्धावस्था पेंशन को पुनः बहाल करवाने को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। इसके अलावा हांसी शहर निवासी भानी देवी और संतोष देवी ने बुढ़ापा पेंशन बनवाने के लिए आवेदन दिया।

कृत्रिम अंग सहायक उपकरण देने के लिए पंजीकरण 9 से

दिव्यांगजन व वरिष्ठ नागरिकों के लिए 15 तक चलेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के सहयोग से जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से पंजीकरण एवं परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये पंजीकरण एवं परीक्षण शिविर 9 फरवरी से 15 फरवरी तक जिले के विभिन्न खंडों में प्रातः 10 बजे से आयोजित किए जाएंगे। रेडक्रॉस सचिव रविंद्र लोहान ने बताया कि 9 फरवरी को हांसी खंड प्रथम व द्वितीय, 10 फरवरी को नारनौंद, 11 फरवरी को उकलाना, 12 फरवरी को बरवाला, 13 फरवरी को अग्रोहा तथा 14 फरवरी को आदमपुर खंड के नागरिकों के लिए संबंधित बीडीपीओ कार्यालय में तथा 15 फरवरी को हिसार खंड प्रथम व द्वितीय के लिए रेड क्रॉस भवन हिसार में शिविर लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र या फैमिली आईडी, जिसमें मासिक आय 22 हजार 500 रुपये से कम दर्शाई गई हो तथा एक पासपोर्ट साइज फोटो भी अनिवार्य रूप से साथ लानी होगी। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयु 60 वर्ष या उससे अधिक निर्धारित की गई है। वरिष्ठ नागरिकों को आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र या फैमिली आईडी लानी होगी।

दौलतपुर को पेनल्टी शूटआउट में हरा शंकरपुरा प्रथम स्थान पर काबिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

राजीव गांधी खेल स्टेडियम, भट्टू में आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में गांव शंकरपुरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में दौलतपुर की टीम को कड़े संघर्ष के बाद पेनल्टी शूटआउट में पराजित कर प्रथम स्थान हासिल किया। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं, जिसके बाद मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। पेनल्टी में शंकरपुरा की टीम ने बेहतरीन संयम और तकनीक का परिचय देते हुए जीत दर्ज की।

प्रतियोगिता जीतकर ट्रॉफी के साथ गांव लौटने पर ग्रामवासियों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत व सम्मान किया। गांव शंकरपुरा की विजेता टीम में सीनियर खिलाड़ियों संजय, गौरव, मोनू, सोनी, अमन, गुलशन, प्रवेश, रोहित और आशीष ने अनुभव और नेतृत्व से अहम भूमिका निभाई। जूनियर खिलाड़ियों सुमित, रमन, मनदीप, आर्यन, गोल्डी, पूरव और कुशाल ने जोश और ऊर्जा के साथ शानदार प्रदर्शन कर टीम की जीत को मजबूती प्रदान की। ग्रामीणों और खेल प्रेमियों ने टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि गांव के खिलाड़ियों ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है और आने वाले समय में यह टीम और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करेगी।

उकलाना। विजेता टीम का स्वागत करते ग्रामीण।

बाल विवाह उन्मूलन बारे चलाया जाएगा विशेष जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार प्लान-2026 के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हिसार की ओर से जनवरी व फरवरी माह के दौरान बाल विवाह की रोकथाम के लिए विशेष द्वैमासिक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान आशा (जागरूकता, समर्थन, मदद और कार्रवाई) स्टेंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के अंतर्गत संचालित किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि अभियान के तहत प्रत्येक स्कूल में कम से कम एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें बाल अधिकार, संबंधित कानून, बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम, शिक्षा का महत्व तथा हेल्पलाइन नंबर 15100 और 1098 की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह कम से कम एक रैली या मार्च का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा आमजन को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक व स्ट्रीट प्ले भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों एवं समुदायों की पहचान कर वहां विशेष जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बच्चों को बाल विवाह के सामाजिक दबाव का सामना करने के लिए सशक्त बनाया जा सके।

ट्रांसफॉर्मर क्षति दर एचईआरसी मानकों के भीतर नियंत्रित हो : विक्रम सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत और निर्बाध बनाए रखने के लिए वितरण एवं पावर ट्रांसफॉर्मरों की प्रिवेंटिव मेंटेनेंस से जुड़ा अहम निर्णय लिया है। निगम ने अब प्रिवेंटिव मेंटेनेंस के दौरान की गई सभी गतिविधियों और उस पर हुए व्यय की एंट्री टीआईएमएस पोर्टल पर अनिवार्य कर दी है। प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने निर्देश दिए हैं कि ट्रांसफॉर्मर क्षति दर को एचईआरसी मानकों के भीतर सख्ती से नियंत्रित किया जाए। इसके लिए विशेष रूप से ग्रीष्मकालीन पीक अवधि से पहले प्रिवेंटिव मेंटेनेंस को अत्यंत आवश्यक बताया गया। निगम ने निर्देश दिए हैं कि वितरण/पावर/पीएटी ट्रांसफॉर्मरों की प्रिवेंटिव मेंटेनेंस डीएचबीवीएन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार की जाए, ताकि गर्मियों के दौरान ट्रांसफॉर्मर फेल होने की घटनाओं में कमी लाई जा सके। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया गया है कि मेंटेनेंस के दौरान की गई प्रत्येक गतिविधि और उस पर होने वाला खर्च तत्काल प्रभाव से टीआईएमएस पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा।

ट्यूबवेल कनेक्शनों की निगरानी होगी

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने कृषि श्रेणी के ट्यूबवेल (एपी) कनेक्शनों की निगरानी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया है। निगम ने एपी कनेक्शनों के जारी और लंबित मामलों की दैनिक रिपोर्टिंग को अनिवार्य कर दिया है, ताकि मुख्यालय स्तर पर प्रभावी, सटीक और रियल-टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके। प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने यह निर्देश दिए कि एपी कनेक्शनों से संबंधित सभी जानकारी और मुद्दे निगम के ओआरसी (ऑफिशियल व्हाट्सएप ग्रुप) पर प्रतिदिन सांझा किए जाएं।

शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में नारनौंद में प्रमुख नागरिक संगोष्ठी का आयोजन

भारत को परम वैभव पर पहुंचाना संघ का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नारनौंद के जींद हांसी रोड पर स्थित टैगोर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रमुख नागरिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतरोल खाप के प्रधान संदीप खरब ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में संजीव प्रांत सहप्रमुख पर्यावरण गतिविधि व सहवक्ता सतीश कुमार हिसार विभाग के सह कार्यवाह ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर व राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम्-से की गई। मुख्य वक्ता हिसार विभाग के सह कार्यवाह सतीश ने संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि उनमें बचपन से ही देशभक्ति कूट कूट कर भरी हुई थी। महारानी विक्टोरिया के शासन के 50 वर्ष पूरे होने की खुशी में स्कूल में बच्चों को दी गई मिठाई को यह कहते हुए कूड़ेदान में फेंक देना की विदेशियों की खुशी में हम क्यों खुशी मनाएं।

नारनौंद। भारतमाता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि।

45 से अधिक संगठन समाज हित काम कर रहे

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवकों द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विश्व हिन्दू परिषद, भारतीय मजदूर संघ, किसान संघ, विद्या भारती, भारत विकास परिषद व सेवा भारती आदि 45 से अधिक संगठन समाज हित के कार्यों में कार्यरत हैं। समाज में आई विपत्तियों के समय भी समय समय पर संघ के स्वयं सेवक बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं पर समाज हित कार्यों को करना अपना कर्तव्य समझते हुए श्रेय लेने की मानसिकता से दूर रहते हैं। उन्होंने संघ के अनेक प्रतिबंधों, विरोधों व संघर्षों के बावजूद निरंतर डट कर अपने उद्देश्य के प्रति कार्य करने के 100 वर्षों का गौरवशाली इतिहास आए हुए समाज के प्रमुख नागरिकों के सामने विस्तार से रखा व आगामी किए जाने वाले समाज हित के कार्यों हिंदू समाज का संगठन व सनातन संस्कृति विश्वव्यापक व भारत फिर से विश्व गुरु बने में समाज की भूमिका, पूर्ण सहयोग व एकमत से हो ऐसा विचार रखा। इस अवसर पर प्रांत सह प्रमुख संजीव ने समाज के लिए अति आवश्यक पंच परिवर्तन स्व का बोध, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता व कुटुम्ब प्रबोधन पर विस्तार से चर्चा करते हुए समाज के हर व्यक्ति के सहयोग का आह्वान किया और कहा कि समाज में एकल परिवार की समस्या से अवगत करवाया और हमारी संस्कृति जो सामूहिक जीवन जीने की थी।

खबर संक्षेप

किलासो देवी प्रधान और सीताराम उपप्रधान बने

हिसार। दी हिसार एनिमल हस्बैंडरी कोआपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसाइटी, सुंदर नगर की प्रबंधक समिति का चुनाव, नबीन ढांडा चुनाव अधिकारी की देखरेख में हुए। इसमें किलासो देवी प्रधान व सीताराम सैनी उप प्रधान निर्वाचित घोषित किये गए। सोसायटी के सदस्यों ने दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

आई एंड सी डिप्लोमा के 9 छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट

हिसार। गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनिकी के इंस्ट्रुमेंटेशन एंड कंट्रोल (आईएंडसी) शाखा के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। डॉ. मुकेश बंसल के नेतृत्व में करवाए गए इस ड्राइव में बेल्स इंस्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, फरीदाबाद ने भाग लिया और कुल 9 विद्यार्थियों का चयन किया। चयनकर्ता टीम में एचआर मैनेजर नितिन अरोड़ा एवं रीजनल बिजनेस हेड अमित कुमार वर्मा ने भाग लिया।

लुवास में सहायक हेमंत व धर्मेंद्र बने उप-अधीक्षक

हिसार। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में सहायक पदों पर कार्यरत हेमंत महता व धर्मेन्द्र सिंह को उप अधीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। कुलसचिव कार्यालय की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र सिंह ढ़ाका ने पदोन्नति आदेश देते हुए दोनों कर्मचारियों को बधाई दी।

हांसी जिला बनने पर जताया आभार

हांसी। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांव गढ़ी में सोमवार को विधायक विनोद भयाना के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। गांव में पहुंचने पर विधायक का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में गांव के पंचायत प्रतिनिधि सज्जन सिंह ने विधायक विनोद भयाना का स्वागत करते हुए कहा कि हांसी को जिला बनाया जाना एक ऐतिहासिक निर्णय है। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल यादव ने विधायक द्वारा किए गए अथक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हांसी को जिला बनाना वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे पूरा करवाने में विधायक विनोद भयाना की अहम भूमिका रही।

दिव्यांग केंद्र में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर

हिसार। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के सहयोग से दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में द्वितीय चरण के निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत आंखों के सफेद मोतियाबिंद से पीड़ित 24 जरूरतमंद मरीजों का ऑपरेशन करके नेत्र ज्योति प्रदान की गई। इससे पूर्व पहले चरण में भी दिव्यांग केंद्र में डीएचबीवीएन के सहयोग से 25 बुजुर्गों की आंखों का ऑपरेशन दिव्यांग केंद्र के आधुनिक ऑपरेशन थियेटर में किया गया था। 20 जनवरी को तीसरे चरण का, 23 जनवरी को चौथे चरण का और 28 जनवरी को पांचवें चरण का निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगेगा।

वेट लिफ्टिंग में रजत पदक विजेता कोमल सम्मानित

हिसार। जिले के गांव शिकारपुर की बेटी कोमल ने हाल ही में महाराष्ट्र में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूल वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर पदक प्राप्त किया है। कोमल को इस शानदार प्रदर्शन के लिए गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के पुत्र संजीव गंगवा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कोमल को सम्मानित करते हुए कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में सफलता के नये आयाम स्थापित कर रही हैं। कोमल की सफलता शिकारपुर ही नहीं अपितु अन्य गांवों की बेटियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। इस अवसर पर शिकारपुर गांव के सरपंच रोहतास सहित अन्य ग्रामवासियों ने विद्यालय में पहुंचकर कोमल को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

गवर्नमेंट कॉलेज में तीन दिन चलेगी प्रतियोगिता

अंतर-महाविद्यालय राज्य कुश्ती चैंपियनशिप का भव्य आगाज

कुल 22 टीमों ने लिया प्रतियोगिता में हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

यहां के गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में तीन दिन तक चलने वाली अंतर-महाविद्यालय राज्य स्तरीय कुश्ती चैंपियनशिप में प्रदेशभर के पहलवान उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष आशा खेड़ड़ ने किया।

प्रतियोगिता के पहले दिन के परिणामों में 57 किग्रा वर्ग में समालखा कॉलेज के अजय ने प्रथम स्थान, डीएन कॉलेज हिसार के नीरज ने द्वितीय व गवर्नमेंट कॉलेज हिसार के विजय कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, 65 किग्रा वर्ग में गवर्नमेंट कॉलेज शाहपुरा के कार्तिक प्रथम, जाट कॉलेज के राहुल द्वितीय तथा गवर्नमेंट कॉलेज जुलाना के शिवम तृतीय रहे।

इसी तरह 74 किग्रा वर्ग में गवर्नमेंट कॉलेज सांपला के अंजू प्रथम, आरकेएसडी कैथल के दीपक द्वितीय तथा गवर्नमेंट कॉलेज हिसार के शाहीन तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार 86 किग्रा वर्ग में यूटीडी भिवानी के अतुल प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज हिसार के खिलाड़ी ने द्वितीय तथा गवर्नमेंट कॉलेज दुबल्धन के हनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के 97 किलोग्राम भार वर्ग में यूटीडी भिवानी के विकास प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज दुबल्धन के शिव द्वितीय तथा जाट कॉलेज हिसार के अभि तृतीय रहे।

21 को होगा पारितोषिक वितरण

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने बताया कि 21 जनवरी को आयोजित समापन एवं पारितोषिक वितरण समारोह में मास्टर एथलेटिक्स ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. धर्मवीर ढिल्लो मुख्य अतिथि के रूप में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। समारोह की अध्यक्षता भाजपा हांसी जिला अध्यक्ष अशोक सैनी करेंगे।

हिसार। पहले दिन के विजेताओं के साथ प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी एवं अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

पांच भार श्रेणियों में हुई प्रतियोगिता

कुश्ती चैंपियनशिप के आयोजन सचिव एवं शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. सुखबीर सिंह दूहन ने बताया कि सोमवार को पुरुष वर्ग की पांच भार श्रेणियों में प्रदेश के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी महाविद्यालयों तथा यूटीडी की कुल 22 टीमों ने भाग लिया। मंगलवार को महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में फ्रीस्टाइल तथा ग्रीको-रोमन शैली के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। सभी विजेता खिलाड़ियों को उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से नगद पुरस्कार, पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे, जबकि विजेता महाविद्यालय को चैंपियनशिप ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा।

आज अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी निर्मला बूरा करेंगी प्रेरित

डॉ. दूहन ने बताया कि 20 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी निर्मला बूरा विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला खिलाड़ियों को प्रेरित करेंगी। प्रतियोगिता निदेशालय उच्चतर शिक्षा विभाग के ऑब्जर्वर बलबीर दहिया एवं कंपटीशन डायरेक्टर अजय लोहान की देखरेख में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का समापन 21 जनवरी को होगा।

ये रहे जूरी में शामिल व उपस्थित

प्रतियोगिता में पूर्व प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार ने जूरी सदस्य के रूप में सहभागिता की। उप प्राचार्य राजेंद्र सेवदा, डॉ. राजेश पूनिया, डॉ. नागेंद्र तोमर, चंद्रकांत, यशवंत सांगवान, संदीप कुंडू तथा प्रो. मनोज कुमार का विशेष सहयोग रहा।

नशे से दूर रहे युवक

इस अवसर पर आशा खेदड़ ने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन व लाडो लक्ष्मी योजना के पात्रों को मिलेगी सुविधा

हर वार्ड में एरिया सभा लगाकर आज से होगी लाभार्थियों की वेरिफिकेशन

एरिया सभा और वार्ड कमेटियों के गठन के लिए बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नगर निगम के मुख्य सभागार में एरिया सभा और वार्ड कमेटियों के गठन बारे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मेयर प्रवीण पोपली ने की जबकि निगमायुक्त नीरज ने संचालन किया। बैठक का उद्देश्य हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र में एरिया सभा एवं वार्ड कमेटियों के गठन की प्रक्रिया को स्पष्ट करना और आगे की कार्ययोजना तय करना रहा।

नगर निगम आयुक्त नीरज ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं कि प्रत्येक शहरी क्षेत्र में एरिया सभा और वार्ड कमेटियों का गठन किया जाए। इन सभाओं की बैठक आयोजित कर प्रस्ताव पारित किए जाएं और उन्हें सरकार को भेजा जाए। इन्हीं निर्देशों के तहत यह बैठक आयोजित की गई है, ताकि सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जा सके। उन्होंने बताया कि 20 व 21 जनवरी को प्रत्येक वार्ड में एक स्थान पर दो से तीन सभाएं होंगी जिसमें सरकार द्वारा भेजी गई सूची के अनुसार लाभार्थियों का वेरिफिकेशन होना है। उन्होंने बताया कि सभी वार्डों में 50 एरिया सभा का गठन किया गया है जिसके नोडल ऑफिसर लगाए गए है। उन्होंने बताया कि एरिया सभा में संबंधित वार्ड के सभी मतदाता सदस्य होंगे।

हिसार। बैठक में उपस्थित निगमायुक्त नीरज, मेय प्रवीण पोपली व अन्य।

प्रत्येक वार्ड में किया जाएगा कमेटी का गठन

निगमायुक्त नीरज ने आगे बताया कि इसी प्रकार प्रत्येक वार्ड में वार्ड कमेटी का गठन भी किया जाना है। वार्ड कमेटी का मुख्य उद्देश्य वार्ड में चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों की निगरानी करना, सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और नए विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजना होगा। वार्ड कमेटी का चेयरमैन संबंधित वार्ड का पार्षद होगा, जबकि इसके साथ 5 से 6 अन्य सदस्य कमेटी में शामिल किए जाएंगे।

नीरज ने बताया कि एरिया सभा में संबंधित वार्ड के सभी मतदाता सदस्य होंगे। एरिया सभा की बैठक को वैध माने जाने के लिए उस वार्ड के कुल मतदाताओं में से कम से कम 10 प्रतिशत मतदाताओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों की उपस्थिति दर्ज की जाएगी। एरिया सभा में रखे जाने वाले प्रस्तावों को स्वीकार करने के लिए उपस्थित सदस्यों की सहमति हस्ताक्षर के माध्यम से ली जाएगी, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और लोकतांत्रिक बनी रहे।

निगमायुक्त ने यह भी जानकारी दी कि प्रत्येक एरिया सभा के लिए नगर निगम की ओर से एक सचिव की ड्यूटी निर्धारित की गई है। यह सचिव संबंधित वार्ड के पार्षद के साथ मिलकर एरिया सभा की बैठक आयोजित करेगा और आवश्यक कार्यवाही को पूरा करेगा। उन्होंने बताया कि एरिया सभा के दौरान विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं से जुड़े मामलों पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा लाडो लक्ष्मी योजना के तहत जिन नए आवेदनों पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है, उनकी सत्यापन प्रक्रिया एरिया सभा के दौरान की जाएगी। इस सत्यापन में संबंधित विभाग के अधिकारी और जनप्रतिनिधि मिलकर कार्य करेंगे, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण, पार्षद जगमोहन मित्तल, पार्षद हरिसिंह सैनी, पार्षद संजय डालमिया, पार्षद मोहित सिंघल, पार्षद राजेन्द्र बिडलान, पार्षद राजेश अरोड़ा, पार्षद नवीन कुमार, मनोनीत पार्षद सुरेश जागड़ा, मनोनीत पार्षद गगन शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि प्रीतम सैनी, पार्षद प्रतिनिधि अनिल जैन, पार्षद प्रतिनिधि सुनील वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि वीरेन्द्र शर्मा, जेई विकास पूनिया, जेई कुशल, जेई अजय, जेई अंकुर, जेई संदीप काजल, जेई कुलदीप, जेई मनजीत, एएसआई कपिल, एएसआई राहुल सैनी सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

नागरिकों की भागीदारी बढ़ेगी

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि एरिया सभा और वार्ड कमेटियों के गठन से आम नागरिकों की भागीदारी बढ़ेगी और स्थानीय समस्याओं का समाधान अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा। उन्होंने सभी पार्षदों और अधिकारियों से सरकार के निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करने और जनता के हित में मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

उकलाना। अंडरपास की मांग पर धरने पर बैठे क्षेत्रवासी। *फोटो :हरिभूमि*

आंदोलन के लिए तैयार रहें तभी मानेगी सरकार: सरबत

- जरूरत पड़ी तो सुरेवाला चौक भी किया जाएगा जाम : रमेश

हरिभूमि न्यूज ⏭उकलाना

अंडरपास की मांग पर चल रहे धरने को लेकर आंदोलनकारी संगठनों ने संघर्ष तेज करने के संकेत दिए हैं। धरने पर बैठे लोगों को खेत मजदूर यूनियन हिसार, किसान सभा, भारतीय किसान यूनियन, विकलांग अधिकार मंच हरियाणा, बाडो पट्टी टोल कमेटी, सीटू सहित अनेक संगठनों ने अपना समर्थन दिया।

इस अवसर पर किसान यूनियन के जिला सचिव सरबत सिंह पूनिया ने संबोधित करते हुए कहा कि यह धरना लंबा चल सकता है, क्योंकि सरकार आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार आंदोलन की भाषा ही समझती है। कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों ने 13 महीने तक संघर्ष किया, तब जाकर सरकार को कानून वापस लेने पड़े। अगर जनता संगठित हो तो सरकार तीन दिन में भी मांगें मान सकती है। उन्होंने आंदोलन को व्यापक बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों और संगठनों को जोड़ने का आह्वान किया।

किसान सभा से रमेश छिरंग ने कहा कि संगठनों की मजबूती ही किसी भी आंदोलन की ताकत होती है। जब भी किसान सभा को आदेश मिलता था, सूरेवाला चौक को पूरी तरह जाम कर दिया जाता था। अगर जरूरत पड़ी तो आने वाले समय में सूरेवाला चौक को दोबारा जाम किया जाएगा। कामरेड मियां सिंह ने कहा कि संगठन जो भी निर्णय लेगा, कार्यकर्ता उसे पूरी मजबूती से लागू करेंगे और संघर्ष के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। धरने के समर्थन में ऑटो मार्केट यूनियन के प्रधान कपूर सिंह, पूर्व प्रधान बलजीत नंबरदार, रिंकू वर्मा, बलवान सिंह, खेत मजदूर यूनियन के जिला प्रधान मियां सिंह बिठमडा, रोहतास राजली, जिला सचिव शरबत पूनिया, किसान सभा हिसार के जिला सचिव ऋषिकेश राजली, रमेश सिंह श्रद्धानंद राजली, बलबीर नंबरदार, मास्टर कर्मवीर सिंह जालंधर, सत्यवान रेड्डू, प्रदीप बुरा, कनोह पालेराम आदि थे।

हिसार। स्नेह मिलन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले काजला बंधुओं को सम्मानित करते खाप पदाधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

काजला खाप के 21 बंधुओं को किया सम्मानित

- राष्ट्रीय काजला खाप की राजस्थान यूनिट ने किया समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

राष्ट्रीय काजला खाप की राजस्थान यूनिट की ओर से झुंझुनू में नववर्ष के उपलक्ष्य में काजला स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष प्रमेन्द्र काजला ने की जबकि संरक्षक धर्मवीर काजला, राष्ट्रीय अध्यक्ष कै. रामपाल व सलाहकार राजमल काजल ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 21 काजला बंधुओं को सम्मान सूचक पगड़ी व पटका पहनाकर व स्मृतिचिंह भेंट कर काजला गौरव की उपाधि से सम्मानित किया गया। भारतीय विदेश सेवा में चयनित सरजीत काजला, आरएएस में चयनित दिनेश काजला सहित सम्मान पाने वालों में आईआईटी, नीट व खेल क्षेत्र के होनहार सम्मिलित रहे। इस दौरान खाप की राष्ट्रीय व प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तार में जगह पाने वालों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए खाप के राष्ट्रीय सलाहकार राजमल काजल ने बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य पर ध्यान देने और उन्हें अच्छे संस्कार देने पर जोर दिया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों विशेषकर नशा, दहेज व मृत्यु भोज के खिलाफ अभियान चलाने का आह्वान किया।

खेलों के मानसिक मजबूती के साथ बढ़ता है आत्मविश्वास

- महिला खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित, विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिलाओं एवं बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गंगवा स्टेडियम के नजदीक स्थित राम देव मंदिर/बिजली बोर्ड परिसर में महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा मुख्य अतिथि रही जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास विभाग हिसार अर्बन की परियोजना अधिकारी कृष्णा चहल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ खेल भावना एवं महिला सशक्तिकरण के संदेश के साथ किया गया। अपने संबोधन में जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा ने कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक मजबूती एवं आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। उकार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं परियोजना अधिकारी कृष्णा चहल ने कहा कि महिलाओं को खेलों के माध्यम से अपने भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानने का अवसर मिलता है।

हिसार। विजेताओं को सम्मानित करते जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा। *फोटो : हरिभूमि*

उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिला सम्मान

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार के रूप में 2100 रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 1100 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 750 रुपये की राशि प्रदान की गई। इसके अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन सुपरवाइजर नीलम खरब द्वारा किया गया।

बरवाला। उपमंडल अधिकारी के खिलाफ प्रदर्शन करते कर्मचारी।

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने उपमंडल अधिकारी के खिलाफ किया प्रदर्शन

बरवाला। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर कर्मचारियों ने बिजली निगम प्रांगण में उपमंडल अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान अश्विनी पूनिया ने की। सब यूनिट प्रधान अश्विनी पूनिया ने अपने संबोधन में कहा कि उपमंडल अधिकारी कर्मचारियों के हितों व जनता की परेशानियों को देखते हुए कार्य करने की बजाए अपने अड़ियल रवैया के कारण कर्मचारियों को बेवजह से परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कर्मचारियों के ऑफिस ऑर्डर भी गलत तरीके से कर दिए गए हैं जिसके कारण लाइनों पर काम करते समय दुर्घटना होने की संभावना भी बढ़ गई है। इस संबंध में उपमंडल अधिकारी ने यूनियन के प्रतिनिधियों से बातचीत करना भी उचित नहीं समझा। यूनिट नंबर 2 से उपप्रधान सुरेंद्र सिंह व ब्लॉक सचिव देशदीपक ने अपने संबोधन में कहा कि उपमंडल अधिकारी अपनी सीट पर भी बहुत कम उपस्थित रहते हैं जिसके कारण कर्मचारी और जनता परेशान रहते हैं और कार्यालय के चक्कर काटते रहते हैं। इस प्रदर्शन के माध्यम से उपमंडल अधिकारी को चेताया गया है कि अगर उपमंडल अधिकारी संगठन व कर्मचारियों की मांगों को नहीं मानते है तो इस आंदोलन को और भी तेज किया जायेगा। इस अवसर पर जेई पवन शर्मा, जेई शमशेर, फोरमैन सुभाष चंद्र, फोरमैन सुरेश, फोरमैन रामकिशन आदि थे।

कैबिनेट मंत्री गंगवा केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिले

एमआईएचएएन जैसी परियोजनाओं से हरियाणा को मिलेगी नई दिशा: गंगवा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से नागपुर प्रवास के दौरान शिष्टाचार भेंट की है। इस दौरान हरियाणा में चल रही तथा प्रस्तावित सड़क, राजमार्ग, पुलों और अन्य आधारभूत संरचना परियोजनाओं की प्रगति को लेकर सकारात्मक एवं विस्तृत चर्चा हुई। गंगवा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश के सड़क एवं परिवहन क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिल रहे हैं, जिनका लाभ हरियाणा को भी मिल रहा है।

नागपुर प्रवास के दौरान ही रणबीर गंगवा ने देश की प्रमुख आधारभूत संरचना परियोजना मल्टी-मॉडल इंटरनेशनल कार्गो हब एंड एयरपोर्ट का दौरा किया।

उन्होंने एमआईएचएएन की आधुनिक तकनीक, एकीकृत

हिसार। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलते मंत्री रणबीर गंगवा।

ये रहे मौजूद

इस दौरान उनके साथ पूर्व आईजी दलबीर भारती, पूर्व चैयरमैन सतबीर वर्मा भी मौजूद थे।

सुव्यवस्थित संचालन की सराहना करते हुए कहा कि यह परियोजना औद्योगिक विकास, निर्यात और रोजगार सृजन के क्षेत्र में एक प्रभावी मॉडल है।

उन्होंने कहा कि एमआईएचएएन जैसे प्रोजेक्ट हरियाणा में विश्व स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे।

लायंस क्लब हिसार ए फिरोजा ने बांटे ट्रैक सूट

हिसार। लायंस क्लब हिसार ए फिरोजा के तत्वावधान में भूमि आश्रम, हिसार में रहने वालों के लिये लगभग 80 ट्रैक सूट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भूमि आश्रम वह स्थान है जहां मानसिक रुप से कमजोर, परिवार द्वारा त्यागे गए या जरुरतमंद लोग जिनकी देखभाल करने वाला कोई न हो, ऐसे लोगों के रहने, खाने-पीने और देखभाल की समुचित व्यवस्था की जाती है। इस सेवा प्रकल्प में जब क्लब सदस्यों ने ट्रैक सूट वितरित किए, तो कुछ लोग उसी समय तुरंत पहनकर खड़े हो गए। क्लब सदस्यों को यह जानकर और अधिक पीड़ा व संवेदना हुई कि आश्रम में रहने वालों ने कई वर्षों से नए कपड़े नहीं पहने थे। यह दृश्य सभी के हृदय को भीतर तक छू गया। इस सेवा कार्य के दौरान वहां का वातावरण अत्यंत भावुक था।